# अध्याय - 9 | सूक्ष्म, लघु तथा माध्यम उद्यम और व्यावसायिक उद्यमिता

## QUIZ-01

1. भारत में MSMEs को परिभाषित करने का प्रमुख आधार क्या है?
   A. कर्मचारियों की संख्या और निर्यात
   B. उद्योग का प्रकार और निवेश
   C. संयंत्र और मशीनरी में निवेश और टर्नओवर
   D. उपयोग की गई तकनीक और लाभ (C)

*व्याख्या:* भारत में MSMEs को संयंत्र और मशीनरी में निवेश तथा वार्षिक टर्नओवर के आधार पर परिभाषित किया जाता है।

2. भारत में औद्योगिक इकाइयों में लघु उद्योगों की कितनी प्रतिशत भागीदारी है?
   A. 85% B. 95%
   C. 75% D. 90% (B)

*व्याख्या:* भारत में लघु उद्योगों की हिस्सेदारी औद्योगिक इकाइयों में 95% है।

3. विपणन के क्षेत्र में MSMEs को कौन सी प्रमुख समस्या का सामना करना पड़ता है?
   A. कुशल श्रमिकों की कमी
   B. अधिक कर दरें
   C. बिचौलियों पर अत्यधिक निर्भरता
   D. अत्यधिक तकनीक का उपयोग (C)

*व्याख्या:* MSMEs विपणन में बिचौलियों पर अत्यधिक निर्भर रहते हैं, जो कभी-कभी शोषण करते हैं।

4. MSMED अधिनियम किस वर्ष लागू हुआ था?
   A. 2004 B. 2005
   C. 2006 D. 2007 (C)

*व्याख्या:* MSMED (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास) अधिनियम अक्टूबर 2006 से प्रभाव में आया।

5. लघु उद्यम के लिए संयंत्र और मशीनरी में अधिकतम निवेश सीमा क्या है?
   A. ₹1 करोड़
   B. ₹5 करोड़
   C. ₹10 करोड़
   D. ₹50 करोड़ (C)

*व्याख्या:* लघु उद्यम में संयंत्र और मशीनरी में अधिकतम ₹10 करोड़ तक का निवेश अनुमन्य है।

6. MSMEs को ग्रामीण औद्योगीकरण के लिए आदर्श क्यों माना जाता है?
   A. उन्हें विदेशी निवेशक चाहिए
   B. वे केवल कृषि पर ध्यान देते हैं
   C. वे स्थानीय संसाधनों और सरल तकनीक का उपयोग करते हैं
   D. वे पूरी तरह से सरकारी अनुदान पर निर्भर होते हैं (C)

*व्याख्या:* MSMEs स्थानीय संसाधनों और सरल तकनीक के साथ कहीं भी स्थापित किए जा सकते हैं।

7. भौगोलिक संकेत (Geographical Indication) क्या है?
   A. विदेशी देशों में उत्पाद बेचने का लाइसेंस
   B. बड़े औद्योगिक उत्पादों के लिए टैग
   C. उत्पादों की भौगोलिक उत्पत्ति को दर्शाने वाला संकेत
   D. कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के लिए ट्रेडमार्क (C)

*व्याख्या:* GI उस उत्पाद को चिन्हित करता है जिसकी गुणवत्ता या प्रतिष्ठा उसके भौगोलिक क्षेत्र से जुड़ी होती है।

8. निम्न में से कौन सा भारत में पेटेंट योग्य आविष्कार नहीं माना जाता?
   A. एक नया कृषि उपकरण
   B. पारंपरिक घरेलू उपचार
   C. एक वैज्ञानिक उपकरण
   D. एक हाइब्रिड फसल (B)

*व्याख्या:* पारंपरिक ज्ञान जैसे घरेलू उपचार पेटेंट योग्य नहीं होते हैं।

9. भारत के अंतरिक्ष मिशनों जैसे चंद्रयान-2 के लिए घटक किस क्षेत्र से आते हैं?
   A. कुटीर उद्योग
   B. MSME टूल रूम
   C. खादी और कोयर इकाइयाँ
   D. कृषि सहकारी समितियाँ (B)

*व्याख्या:* MSME टूल रूम्स ने चंद्रयान-2 जैसे मिशनों में आवश्यक घटकों का निर्माण किया।

10. उद्यमिता की वह विशेषता कौन सी है जिसमें भूमि, श्रम, पूंजी और तकनीक को जोड़ा जाता है?
   A. नवाचार
   B. व्यवस्थित गतिविधि
   C. उत्पादन का संगठन
   D. जोखिम उठाना (C)

*व्याख्या:* उत्पादन का संगठन वह प्रक्रिया है जिसमें उद्यमी विभिन्न संसाधनों को एक उत्पादक इकाई में बदलता है।

मिशन ज्ञान पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES